सं0-2285/62-2-2014-14एम0आई0/97टीसी-।।।ए

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 05 सितम्बर,2014

विषय- जिला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत की गयी बोरिंग पर जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु एच0डी0पी0ई0 पाइप एवं फिटिंग की प्रशासनिक स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-जी-05/ल0सिं0/भ0आ0/डी0बी0-एच0डी0पी0ई0-110/2014-15, दिनांक 14-8-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उद्योग अनुभाग-7 के शासनादेश सं0-217एल/18-7-94-15 (एस0पी0)/92, दिनांक 17-10-1994 एवं शासनादेश सं0-711/18-7-98-15(एस0पी0)/97, दिनांक 19-5-1998 में दी गयी व्यवस्थानुसार गठित क्रय समिति द्वारा संस्तुंति दे दी गयी है, वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिला योजनान्तर्गत लेखानुदान के माध्यम से प्रथम चार माहों हेतु गहरी बोरिंग योजना (सामान्य व एस0सी0एस0पी0) डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक

http://shasanadesh.up.nic.in

नलकूप योजना (राज्य योजना सामान्य) एवं डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक नलकूप योजना (एस0सी0एस0पी0), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत् सामुदायिक नलकूपों के लिए आवंटित धनराशि तथा डिपाजिट में जमा धनराशि के सापेक्ष की जाने वाली गहरी बोरिंग में जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु 110एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0 (क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग आई0एस0 कोड-14151 (पार्ट-2/2008) सहज संजोयी पालीथिलीन पाइप एवं फिटिंग सेट की, मैसर्स बजरंग प्लास्टिक इण्डस्ट्रीज, गाजियाबाद से प्राप्त आईटमवार दरों के आधार पर निम्नलिखित तालिका के अनुसार क्रय किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

S. No.	Description of Item	Required Qty under available Budget	Basic Rate Ex-works (Rs.)	Average freight anywhere in U.P. at their Central District Store (Rs.)	F.O.R. destination rates excluding VAT etc. (Rs.) (4)+(5)
1	2	3	4	5	6
1-	ISI Marked **110mm** Nominal diameter, 0.25 MPA (Class-I) Quick Coupled Polyethylene Pipe (HDPE Pipe) in length of 6.0 meter (± 0.01 meter) IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments.	1,26,936 Meter	128.00 Per Meter	6.00 Per Meter	134.00 Per Meter
2-	One Set of ISI Marked fittings (one number 90^0 Bend, one number 90^0 Tee, one number Ends cap and one number pump connecting nipple) suitable to fit with above pipe IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments,	918 Set	930.00 Per Set	50.00 Per Set	980.00 Per Set

ukV %& dkye&6 e n'kk;h x;h njk d vfrfjDr VAT etc. rRle; ipfyr njk ij fu;ekulkj vyx l n; gkxkA**

http://shasanadesh.up.nic.in

2- <u>शर्ते/प्रतिबन्ध</u>

(1) प्रश्नगत क्रय साम्ग्री उघोग निदेशालय द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत नही आता है।

(2) क्रय आय-व्ययक में उपलब्ध प्राविधान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

(3) प्रस्तावित सामग्री के क्रय हेतु नियमानुसार टेण्डर मांगने के लिए शासनादेश सं0-ए-1-164/दस-15(1)/80, दिनांक 21-01-1997 द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है।

(4) उघोग विभाग के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0) /92ख् दिनांक 17-10-1994 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत पाइप का क्रय, सामग्री क्रय नियमों के अनुसार है और प्रस्तावित पाइप उघोग निदेशालय, कानपुर द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत नही आता है।

(5) टेण्डर डाक्यूमेन्ट में उल्लिखित सभी प्राविधान फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के वैल्यूम-5, भाग-1 में उल्लिखित नियमों तथा टेण्डर संबंधी अन्य नियमों के अन्तर्गत है। क्रय समिति का गठन उघोग विभाग के शासनादेश के अनुकूल है तथा क्रय हेतु वांछित पर्याप्त धनराशि बजट में उपलब्ध है।

(6) प्रस्तावित पाइप की मात्रा निविदित सीमा के अन्तर्गत है और निविदा की शर्तो के अनुसार है।

(7) उपर्युक्त पाइप का नियमानुसार भुगतान जिला योजना सामान्य व एस0सी0एस0पी0 (लेखानुदान के माध्यम से प्रथम चार माहों हेतु) के अन्तर्गत गहरी बोरिंग योजना, डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक नलकूप योजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत सामुदायिक नलकूपों के लिए अवमुक्त/उपलब्ध धनराशि से ही किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(8) सम्पूर्ण आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा निविदा आमंत्रण, निविदा शर्तो का निर्धारण व स्वीकृत दरों एवं स्वीकृत आपूर्तिकर्ताओं के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

(9) उपर्युक्त सभी पाइप का क्रय टेण्डर प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित विशिष्टयों एवं मानको के अनुरूप ही किया जायेगा।

3- उक्त शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अक्षरश: एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई का होगा।

भवदीय,

ह0/-

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)

प्रमुख सचिव।

सं0-2285(1)/62-2-2014,तददिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।

2- प्रमुख सचिव, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उघम अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।

3- सचिव, लघु उघोग, उ0 प्र0 शासन।

4- उघोग निदेशक, (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0 प्र0 कानपुर।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/-

(एस0पी0 सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in